RAGHAV PRODUCTIVITY ENHANCERS LTD.
(Formerly - Raghav Ramming Mass Ltd.)

**Date: 01-07-2023**

**To,**
**The Manager,**
**Department of Corporate Services**
**BSE LTD.,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street,**
**MUMBAI- 400 001**

**Sub: Intimation of submission of Newspaper Publication**
**Ref: Raghav Productivity Enhancers Limited, Scrip Code: 539837**

**Dear Sir**

With reference to the above subject, and pursuant to Regulation 30 & 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of Newspaper advertisement for Notice of 14th Annual General Meeting (AGM) published on 01st July, 2023 in Financial Express (English) and Nafa Nuksan (Hindi).

You are kindly take above in your records and oblige

Thanking You

**Yours Faithfully**
**For Raghav Productivity Enhancers Limited**

NEHA RATHI Digitally signed by NEHA RATHI
Date: 2023.07.01 15:48:48
+05'30'

**Neha Rathi**
**(Company Secretary & Compliance Officer)**
**M.No.: A38807**

**Registered Office:**
Office No. 36, 4th Floor, Alankar Plaza, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur, Rajasthan - 302 023
**CIN:** L27109RJ2009PLC030511 | **P:** +91 141 2235760 - 61 | **E:** rammingmass@gmail.com | **W:** www.rammingmass.com

# AI क्रिएटेड कंटेंट को ट्रस्ट करते हैं 73 प्रतिशत कंज्यूमर्स


- **53 प्रतिशत फाइनेंशियल प्लानिंग के लिए जैनेरेटिव एआई पर विश्वास करते हैं**
- **67 प्रतिशत ने कहा कि वे जैनेरेटिव एआई की मेडिकल एडवाइस से लाभांवित हो सकते हैं**
- **66 प्रतिशत लाइफ एंड कॅरियर प्लाइन जैसे मुद्दों पर सलाह लेने को आतुर रहे**

**बैंगलुरु/एजेन्सी**

ग्लोबली करीब 73 प्रतिशत कन्ज्यूमर्स जैनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से क्रिएट किये गये कंटेंट पर विश्वास करते हैं। इनमें से 51 प्रतिशत यानि मेजोरिटी इस बात से अवेयर हैं कि एआई सेक्टर में लेटेस्ट ट्रेंड्स क्या है। उन्होंने टूल्स को एक्सप्लोर भी किया है। यह बात एक नई स्टडी जिसका टाइटल है 'वाय कन्ज्यूमर्स लव जैनरेटिव एआई' के माध्यम से सामने आई है। स्टडी केपजैमिनी रिसर्च इन्स्टीट्यूट ने की है।

ऐसे कन्ज्यूमर्स जो जैनरेटिव एआई को फ्रीक्वेंटली यूज करते हैं, वे चैटबोट्स, गेमिंग से संतुष्ट हैं। जैनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर्सनल डे-टू-डे एक्टीविटीज में भी काम आ रहा है। करीब 53 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वे फाइनेंशियल प्लानिंग के लिए जैनरेटिव एआई को ट्रस्ट करते हैं।

ग्लोबली 67 प्रतिशत कन्ज्यूमर्स मेडिकल डायग्नॉस और एडवाइस से लाभांवित हो सकते हैं। 63 प्रतिशत ने यह भी कहा कि वे वे जैनेरेटिव एआई को लेकर उत्साहित हैं। यह एफिशियंट ड्रग डिस्कवरी



और एक्यूरेट मेडिसन को बताने में मदद कर सकता है।

यही नहीं दो-तियाही (66 प्रतिशत) कन्ज्यूमर्स लाइफ, कॅरियर से जुड़ी पर्सनल एडवाइस को जैनेरेटिव एआई से लेना पसंद करेंगे। पर्सनल रिलेशनशिप पर भी बात करना पसंद करेंगे। बेबी बूमर्स यानि साठ वर्ष के लोग भी सलाह लेना पसंद करेंगे, यह शोध में कहा गया। रिपोर्ट के अनुसार जैनेरेटिव एआई के प्रति एथिकल चिंता केवल 33 प्रतिशत है। एआई के प्रति कन्ज्यूमर्स की अवेयरनैस ग्लोबली काफी ज्यादा संख्या में है और इसे अपनाने वाले भी अच्छी संख्या में हैं। इतना सब होते हुए भी इससे जुड़ा जोखिम का स्तर काफी कम है। यह टेक्नोलॉजी कैसे काम करती है, इस पर भी जानकारी काफी कम है। यह काफी हैरान करने वाला तथ्य है। गौरतलब है कि केपजैमिनी एआई और जैनेरेटिव एआई के लिए क्लाइंट्स के साथ काम कर रही है। लाइफ साइंसेज, कन्ज्यूमर प्रोडक्ट्स, रिटेल और फाइनेंशियल सर्विसेज के एरिया में स्पेसिफिक जरूरत को पूरा करने के लिए वह क्लाइंट्स के लिए काम कर रही है।

एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि जैनेरेटिव एआई चैटजीपीटी को यूज कर साइबर अटेकर्स अटेक्स को स्केलअप कर सकते हैं।

रिसर्च फर्म फोरेस्टर का अनुमान है कि जैनेरेटिव एआई पर ट्रस्ट इसलिये बन रहा है क्योंकि यह क्रिटिकल डोमेंस पर इन्फोर्मेशन देने की काबिलियत रखता है। क्विक हील टेक्नोलॉजीज के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर के अनुसार फाइनेंशियल प्लाइनिंग जैसे डोमेंट पर भी यह सलाह दे सकता है। हालांकि गौर करने वाली बात यह भी है कि इससे जुड़ी जोखिम भी बड़ी है। इसलिये टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट और एथिकल तथ्यों पर सही संतुलन बनाये रखने की जरूरत है। यह कहा जा सकता है कि जोखिम के बावजूद कन्ज्यूमर्स जैनेरेटिव एआई पर ट्रस्ट कर रहे हैं और जीवन, कॅरियर, रिलेशनशिप से जुड़े मुद्दों पर एडवाइस लेना पसंद कर रहे हैं।

# नॉर्थ इंडिया के महत्वपूर्ण ट्यूरिस्ट डेस्टीनेशंस

**एजेंसी। अगर** आपको कार से घुमने या फिर ड्रायविंग करने का शौक है तो आपके लिए दिल्ली के आस-पास की घुमने की जगह सबसे बेस्ट ऑप्शन रहेगा। ऐसे में अगर ग्रुप में जाए तो बात ही क्या है। घुमने के साथ खूब मौज-मस्ती भी हो जाएगी और गैट टू गेदर भी। चाहे दोस्तों के ग्रुप हो या फिर फैमिली का, दिल्ली की आस-पास की जगहें घुमने के लिए सबसे बेहतरीन विकल्प साबित होते है। घुमने के लिए तो यह लोकेशंस बेस्ट है ही साथ ही सस्ती और आरामदायक भी है, जहां कोई भी और कभी भी जा-आ सकता है। तो फिर किस बात का है इतंजार है। आइये जान लें इन डेस्टीनेशंस के बारे में।

**मथुरा:-** दिल्ली से दक्षिण भारत या मुम्बई जाने वाली सभी ट्रेने मथुरा होकर गुजरती हैं। सड़क द्वारा भी पहुंचा जा सकता है। आगरा से मात्र 55 किलोमीटर दूर है। वृन्दावन पहुंचने के लिये वृन्दावन की वेबसाईट काफी सूचना देती है। स्टेशन के आसपास कई होटल हैं और विश्राम घाट के आसपास कई कम खर्च वाली धर्मशालाएं रूकने के लिए उपलब्ध हैं। घुमने के लिए टैक्सी कर सकते हैं, जिससे मथुरा, वृन्दावन एक दिन में घूमा जा सकता है। अधिकतर मंदिरों में दर्शन सुबह 12 बजे तक और सांय 4 से 6-7 बजे तक खुलते हैं, दर्शनार्थियों को इसी हिसाब से अपना कार्यक्रम बनाना चाहिए। यमुना में नौका विहार, प्रात:काल और सांयकाल में विश्राम घाट पर होने वाली यमुना जी की आरती दर्शनीय है।

**अमृतसर:-** अमृतसर पंजाब का एक शहर है। अमृतसर पंजाब का सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र शहर माना जाता है। पवित्र इसलिए माना जाता है क्योंकि सिक्खों का सबसे बड़ा गुरूद्वारा स्वर्ण मंदिर अमृतसर में ही है। ताजमहल के बाद सबसे ज्यादा पर्यटक अमृतसर के स्वर्ण मंदिर को ही देखने आते हैं। स्वर्ण मंदिर अमृतसर का दिल माना जाता है। अमृतसर का इतिहास गौरवमयी है। यह अपनी संस्कृति और लड़ाइयों के लिए बहुत प्रसिद्ध रहा है। अमृतसर अनेक त्रासदियों और दर्दनाक घटनाओं का गवाह रहा है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का सबसे बड़ा नरसंहार अमृतसर के जलियांवाला बाग में ही हुआ था। हालांकि अमृतसर में समय के साथ काफी बदलाव आए हैं लेकिन आज भी अमृसतर की गरिमा बरकरार है।

**फतेहपुर सीकरी:-** लाल पत्थरों से बना यह शहर आगरा से 37 किमी. दूर है। इसका निर्माण अकबर ने 1571 से 1585 के बीच करवाया था। फतेहपुर सीकरी मुगल कला का अच्छा उदाहरण है। यहां की इमारतें हिन्दू और मुस्लिम वास्तुकला का अनूठा मिश्रण हैं। कहा जाता है कि फतेहपुर सीकरी की मस्जिद मक्का की मस्जिद की नकल है और यह फारसी व हिंदू शैली में बनी है। ऐतिहासिक इमारतों में रुचि रखने वालों के लिए यह सही जगह है।

**पिंकसिटी :-** जयपुर जिसे गुलाबी नगरी पिंकसिटी के नाम से भी जाना जाता है, राजस्थान राज्य की राजधानी है। यह प्राचीन रजवाड़ा जिसे जयपुर नाम से जाना जाता था उसकी भी राजधानी थी। इस शहर की स्थापना 1728 में जयपुर के महाराजा जयसिंह द्वितीय द्वारा की गयी थी। जयपुर शहर की पहचान यहां के महलों और पुराने घरों में लगे गुलाबी पत्थरों से होती है जो यहां के स्थापत्य की खासियत है। यहां की संस्कृति, रंग-बिरंगे उत्सव, चटकीला पहनावा, खान-पान इसे विशेष बनाते हैं।

**चंडीगढ़:-** चंडीगढ़ भारत के सबसे खूबसूरत और नियोजित शहरों में एक है। इस केन्द्र शासित प्रदेश को प्रसिद्ध फ्रेंच वास्तुकार ली कोर बुसियर ने डिजाइन किया था। इस शहर का नाम एक दूसरे के निकट स्थित चंडी मंदिर और गढ़ किले के कारण पड़ा जिसे चंडीगढ़ के नाम से जाना जाता है। शहर में बड़ी संख्या में पार्क हैं जिनमें लेसर वैली, राजेन्द्र पार्क, बॉटोनिकल गार्डन, स्मृति उपवन, तोपियारी उपवन, टेरस्ड गार्डन और शांति कुंज प्रमुख हैं। चंडीगढ़ में ललित कला अकादमी, साहित्य अकादमी, प्राचीन कला केन्द्र और कल्चरल कॉम्प्लेक्स को भी देखा जा सकता है।




**बाघा बोर्डर :-** बाघा बोर्डर पर हर शाम भारत की सीमा सुरक्षा बल और पाकिस्तान रेंजर्स की सैनिक टुकड़ियां इकट्ठी होती है। विशेष मौकों पर मुख्य रूप से 14 अगस्त के दिन जब पाकिस्तान का स्वतंत्रता दिवस समाप्त होता है और भारत के स्वतंत्रता दिवस की सुबह होती है उस शाम वहां पर शांति के लिए रात्रि जागरण किया जाता है। उस रात वहां लोगों को एक-दूसरे से मिलने की अनुमति भी दी जाती है। इसके अलावा वहां पर पूरे साल कंटिली तारें, सुरक्षाकर्मी और मुख्य द्वार के अलावा कुछ दिखाई नहीं देता।



**आगरा:-** आगरा दिल्ली से 200 किमी.दूर है। यमुना नदी के किनारे बसा यह शहर ताजमहल के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। विश्व के सात अजूबों में शामिल ताजमहल का निर्माण मुगल सम्राट शाहजहां ने 1631 से 1648 के बीच करवाया था। वर्षभर लाखों देशी-विदेशी पर्यटक यहां आते हैं।

**माउंट आबू :-** फरवरी से जून और सितंबर से दिसंबर तक माउंट आबू जायें, यह उत्तम मौसम है। माउन्ट आबू भारत का प्राचीनतम पर्वत हैं। माउंट आबू राजस्थान का वह स्थान है, जहां गर्मी हो या सर्दी हमेशा सैलानियों का तांता लगा रहता है। इस शहर का पुराना नाम 'अर्बुदांचल' बताया जाता है। पुराणों के अनुसार इस जगह को अर्बुदारान्य अर्भु के वन., के नाम से जाना जाता है।

कहते हैं वशिष्ठ मुनि ने विश्वामित्र से अपने मतभेद के चलते इन वनों में अपना स्थान बना लिया था। जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर भी यहां आए थे। उसके बाद से माउंट आबू जैन अनुयायियों के लिए एक पवित्र और पूज्यनीय तीर्थस्थल बना हुआ है। माउंट आबू राजस्थान का एकमात्र पहाड़ी शहर है। सिरोही जिले में स्थित नीलगिरि की पहाड़ियों की सबसे ऊंची चोटी पर बसे माउंट आबू की भौगोलिक स्थित और वातावरण राजस्थान के अन्य शहरों से भिन्न व मनोरम है।

हरे-भरे जंगलों से घिरी पहाड़ियों के बीच एक शांत स्थान, माउंट आबू, राजस्थान के रेतीले समुद्र में एक हरे मोती के समान है।

अरावली पर्वत श्रृंखला के दक्षिणी छोर पर स्थित इस पहाड़ी स्थान का ठंडा मौसम पूरे पहाड़ी क्षेत्र को फूलों से लाद देता है, जिसमें बड़े पेड़ और फूलों की झाड़ियां भी शामिल हैं। माउंट आबू को जाने वाला मार्ग यदि आकाश मार्ग से देखा जाए तो ऊंची-ऊंची चट्टानों के बीच घुमावदार रास्ते उच्च वेग वाली हवा के साथ एक बिंदु-रेखा के समान दिखाई देंगे।

राजस्थान का एकमात्र हिल स्टेशन, माउंट आबू गर्मियों में लिए एक स्थान से कहीं अधिक है।

# अमरनाथ यात्रियों के पहले जत्थे को जम्मू से किया गया रवाना

**जम्मू/एजेन्सी।** जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू शहर से अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लगभग 3,300 तीर्थयात्रियों वाला पहला जत्था 159 सुरक्षा वाहनों में भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर घाटी में बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। 62 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा शनिवार को शुरू होगी और 31 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा उत्सव के साथ समाप्त होगी। गुफा मंदिर तक पहुंचने के लिए दो मार्ग हैं, गांदरबल जिले में छोटा 13 किमी लंबा बालटाल मार्ग और अनंतनाग में 43 किमी लंबा पहलगाम मार्ग। बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग उसी दिन आधार शिविर पर लौट आते हैं, जबकि पारंपरिक पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को मंदिर तक पहुंचने में तीन से पांच दिन लगते हैं। यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सेना, अर्धसैनिक बलों और स्थानीय पुलिस द्वारा त्रिस्तरीय सुरक्षा का प्रबंध किया जा रहा है। ऊंचाई पर होने वाली बीमारी के कारण होने वाली मौतों को रोकने के लिए, अधिकारियों ने अमरनाथ यात्रा 2023 को तंबाकू मुक्त घोषित कर दिया है और दोनों मार्गों पर चलने वाले लंगर नामक विभिन्न सामुदायिक रसोई को भी सलाह दी है कि वे तीर्थयात्रियों को कोई जंक फूड या हलवाई आइटम न परोसें।




**राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
RIICO GROW WITH RAJASTHAN
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर- 302005, फोन-0141-2227751,4593201
फैक्स-0141-4593210, ई-मेल-riico@riico.co.in वेबसाईट- www.riico.co.in

**निविदा सूचना**

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यों/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सीलबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, भरतपुर | |
| 1.1 | औद्योगिक क्षेत्र, ओडेला रोड, धौलपुर में खुले क्षेत्र (पार्क) में मरम्मत कार्य। UBN-RDC2324WSOB00547 | 1.90 |
| 1.2 | औद्योगिक क्षेत्र, ग्रोथ सेन्टर (विस्तार), धौलपुर के जल वितरण कैम्पस में मरम्मत एवं रंगाई (पेन्टिंग) का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00548 | 1.27 |
| 2. | इकाई प्रभारी, नीमराना | |
| 2.1 | औद्योगिक क्षेत्र केशवाना में स्ट्रीट लाईट के लिए विद्युत केबल उपलब्ध कराना एवं जोड़ने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00576 | 1.90 |
| 3. | इकाई प्रभारी, कोटा | |
| 3.1 | औद्योगिक क्षेत्र इन्द्रप्रस्थ कोटा में स्लैब कल्वर्ट एवं पाईप कल्वर्ट का निर्माण कार्य। UBN-RDC2324WSOB00591 | 1.97 |

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यों/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाइन सीलबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, सवाई माधोपुर | |
| 1.1 | औद्योगिक क्षेत्र खेरदा में शेष भाग में आरसीसी नाली के निर्माण का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00549 | 11.69 |
| 2. | इकाई प्रभारी, भरतपुर | |
| 2.1 | औद्योगिक क्षेत्र, ग्रोथ सेन्टर, धौलपुर के जल वितरण कैम्पस में मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00550 | 5.24 |
| 2.2 | औद्योगिक क्षेत्र, ग्रोथ सेन्टर, धौलपुर में अवासीय कॉलोनी के पार्क में मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00551 | 4.74 |
| 2.3 | औद्योगिक क्षेत्र, जुरहरा में सड़क री-कार्पेटिंग का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00552 | 52.41 |
| 3. | इकाई प्रभारी, घीलोठ | |
| 3.1 | औद्योगिक क्षेत्र शाहजहाँपुर और घीलोठ में एसआर और सीडब्ल्यूआर की सफाई का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00561 | 2.46 |
| 3.2 | औद्योगिक क्षेत्र शाहजहाँपुर और घीलोठ में जंक्शन के पास इंटरलॉकिंग टाइलें उपलब्ध कराना और लगाने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00562 | 16.50 |
| 3.3 | औद्योगिक क्षेत्र घीलोठ में जापानी क्षेत्र के सेंट्रल वर्ज का रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00563 | 9.00 |
| 4. | इकाई प्रभारी, भिवाड़ी-प्रथम | |
| 4.1 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में किराये पर सेल्फ प्रोपेल्ड़ रोड़ स्वीपिंग मशीन लगाने एवं संचालन एवं संधारण का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00564 | 76.80 |
| 4.2 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में नवीनतम गेस्ट हाउस 160 केवीए के ट्रांसफार्मर की आपूर्ति एवं लगाने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00565 | 15.18 |
| 4.3 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में फायर स्टेशन भवन की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00566 | 12.06 |
| 5. | इकाई प्रभारी, दौसा | |
| 5.1 | औद्योगिक क्षेत्र बापी, दौसा में मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00572 | 19.20 |
| 6. | इकाई प्रभारी, नीमराना | |
| 6.1 | औद्योगिक क्षेत्र नीमराना-प्रथम में फायर-स्टेशन भवन के मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00573 | 6.98 |
| 6.2 | औद्योगिक क्षेत्र नीमराना-प्रथम, द्वितीय एवं ईपीआईपी नीमराना में पी.वी.सी. पाईप लाईन उपलब्ध कराना, बिछाना व जोडने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00574 | 8.79 |
| 6.3 | रीको स्टोर ईपीआईपी नीमराना में जलापूर्ति सामग्री एवं विद्युत सामग्री आपूर्ति का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00575 | 15.93 |
| 6.4 | औद्योगिक क्षेत्र बहरोड़ में सिविल कार्य के मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00577 | 13.10 |
| 7. | इकाई प्रभारी, झालावाड़ | |
| 7.1 | औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेन्टर में दो वर्ष के लिए एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट के नियमित रूप से रखरखाव एवं संचाालन का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00609 | 12.65 |
| 7.2 | औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेन्टर में स्थित आवासीय कॉलोनी में दो वर्ष के लिए स्ट्रीट लाईट के नियमित रूप से रखरखाव एवं संचाालन का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00606 | 2.57 |
| 7.3 | नवीन औद्योगिक क्षेत्र उमरिया तह. डग जिला झालावाड़ में विकास के कार्य। UBN-RDC2324WSOB00593 | 453.13 |
| 8. | इकाई प्रभारी, उदयपुर | |
| 8.1 | औद्योगिक क्षेत्र मेवाड़ में पेवर द्वारा पैच मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00553 | 9.88 |
| 8.2 | औद्योगिक क्षेत्र मेवाड़ में केबल डालने के कारण की गई रोड़ कटिंग के रिपेयरिंग का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00555 | 7.08 |
| 8.3 | इकाई कार्यालय उदयपुर के नवीन ऑफिस भवन का निर्माण कार्य। UBN-RDC2324WSOB00581 | 300.44 |
| 9. | इकाई प्रभारी, कोटा | |
| 9.1 | औद्योगिक क्षेत्र इन्द्रप्रस्थ में आरसीसी नालियों एवं प्रीकास्ट बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य। UBN-RDC2324WSOB00592 | 20.06 |
| 10. | इकाई प्रभारी, राजसमंद | |
| 10.1 | औद्योगिक क्षेत्र मूरडा में ओवरहेड केन्टीलिवर साईन बोर्ड लगाने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00579 | 2.53 |
| 10.2 | औद्योगिक क्षेत्र धोइन्दा में नाली के लेवल तक रोड़ साईड बर्मस् बनाने का कार्य। UBN-RDC2324WSOB00580 | 6.62 |

निविदा का विस्तृत विवरण, नियम इत्यादि एवं भविष्य में निविदा में किसी प्रकार के संशोधन/तिथि बढ़ने की जानकारी हेतु वेबसाइट www.riico.co.in व www.eproc.rajasthan.gov.in को देखें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: अतिरिक्त महाप्रबंधक (सिविल), फोन -0141-4593212

Raj.Samwad/C/23/4971



**RAGHAV PRODUCTIVITY ENHANCERS LTD.**
(Formerly - Raghav Ramming Mass Ltd.)
**पंजीकृत कार्यालय : ऑफिस 36, चौथी मंजिल, सेंट्रल स्पाइन, अलंकार प्लाजा, विधाधर नगर, जयपुर - 302023**
**CIN : L27109RJ2009PLC030511**
Tel & Fax : 0141-2235760/761, E-mail : rammingmass@gmail.com, Website : www.rammingmass.com

**14 वीं वार्षिक साधारण सभा एवं रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि :-

1. कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') सपठित साधारण परिपत्र दिनांक 08 अप्रेल, 2020, 13 अप्रेल, 2020, 5 मई 2020, 13 जनवरी 2021, 14 दिसंबर 2021, 5 मई 2022 एवं 28 दिसंबर 2022 ('MCA परिपत्र') तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी ('SEBI परिपत्र') सेबी (सूचीबद्धता अनिवार्यता एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनिमय 2015 ('SEBI सूचीबद्धता विनियम') के परिपत्र दिनांक 12 मई, 2020, 15 फरवरी, 2021 एवं 13 मई 2022 की अनुपालना में कंपनी की 14 वीं वार्षिक साधारण सभा मंगलवार 25 जुलाई, 2023 को अपराह 3:00 बजे वार्षिक साधारण सभा की सूचना में अंकित विवरण अनुसार कार्यों के निष्पादन हेतु सामान्य स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बगैर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC)/अन्य श्रव्य दृश्य माध्यम (OAVM) द्वारा आयोजित की जाएगी।
2. AGM की सूचना की इलेक्ट्रोनिक कॉपी एवं वितीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट उन सभी सदस्यों, जिनकी ईमेल आई.डी. कंपनी/डिपॉजिटरी भागीदारों के पास पंजीकृत हैं, को गुरुवार, 29 जून 2023 को भेज दी गई है। MCA परिपत्रों एवं SEBI परिपत्र के अनुसार AGM की सूचना व वार्षिक रिपोर्ट की भौतिकी प्रति सदस्यों को प्रेषित करने की आवश्यकता अब नहीं रह गई है।
3. कंपनी (प्रबंध एवं प्रशासन) नियम, 2014 (यथा संशोधित) की धारा 108 सपठित नियम 20 एवं SEBI सूचीबद्धता विनियम के नियम 44 तथा भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी साधारण सभाओं हेतु सचिवीय मानकों के प्रावधानों के अनुसरण में कंपनी द्वारा AGM में निष्पादित किये जाने वाले कार्यों हेतु अंशधारकों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस उद्देश्य हेतु कंपनी द्वारा अधिकृत ई-वोटिंग एजेंसी के रूप में इलेक्ट्रोनिक माध्यम द्वारा वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड के अनुबंध किया गया है। सदस्य द्वारा रिमोट ई-वोटिंग तथा ई-वोटिंग प्रणाली द्वारा AGM की तिथि को वोट डालने की सुविधा CDSL द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। सदस्यों के वोटिंग अधिकार 18 जुलाई 2023 की कट-ऑफ दिनांक को उनके पास कंपनी के शेयरों के अनुपात में होगा।
4. इस संदर्भ में, सदस्यों को आगे सूचित किया जाता है कि :

ए. रिमोट ई-वोटिंग अवधि शुक्रवार, 21 जुलाई 2023 को प्रातः 10:00 बजे आरंभ होगी व सोमवार, 24 जुलाई 2023 को सांय 5:00 बजे समाप्त होगी। सोमवार, 24 जुलाई 2023 को सांय 5:00 बजे पश्चात रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी एवं इसे CDSL द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

बी. सदस्य प्रस्तावों पर एजीएम से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग माध्यम से वोट डालने के पश्चात भी AGM में VC/OAVM द्वारा भाग ले सकता है लेकिन उसे AGM पुनः वोट डालने की अनुमति नहीं होगी।

सी. वे सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है तथा AGM में VC/OAVM के माध्यम से उपस्थित हैं, वे AGM में ई-वोटिंग द्वारा वोट डालने के पात्र होंगे।

डी. सदस्य जिसका नाम सदस्य पंजिका अथवा डिपॉजिटरी द्वारा संधारित लाभार्थी स्वामियों की पंजिका में 28 जुलाई, 2023 अर्थात कट-ऑफ तिथि को अंकित होगा, केवल वे ही रिमोट ई-वोटिंग या AGM में ई-वोटिंग का पात्र होगा। रिमोट ई-वोटिंग या AGM में ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया/दिशा निर्देश AGM की सूचना में अंकित की गई है।

ई. कोई व्यक्ति जो AGM की सूचना जारी किये जाने के बाद कंपनी का सदस्य बना है व कंपनी का अंशधारक है तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात 18 जुलाई, 2023 को अंशधारिता रखता है वह AGM की सूचना में अंकित प्रक्रिया पूरी कर यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com अथवा cs@rammingmass.com पर मेल भेज सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पूर्व में ही CDSL में ई-वोटिंग हेतु पंजीकृत है, तब वर्तमान यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग वोट डालने हेतु किया जा सकता है।

एफ. यदि आपको AGM में उपस्थित होने या ई-वोटिंग प्रणाली से ई-वोटिंग के संबंध में कोई भी पूछताछ या शिकायत है तो आप www.evotingindia.com के Help Section में 'फ्रिक्वेंटली आस्क्ड क्वेशचंस' ('FAQs'') एवं ई-वोटिंग मैन्युअल देख सकते हैं अथवा श्री राकेश दलवी, सीनियर प्रबंधक, सेंट्रल डिपोजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल), ए-विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफत लाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुम्बई-400013 पर संपर्क करें या helpdesk.evoting@cdslindia.com ई-मेल पर मेल करें या 1800225533 पर कॉल करें।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अंतिम लाभांश हेतु सदस्यों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए रिकॉर्ड दिनांक 8 जुलाई, 2023 होगी। 14वीं वार्षिक आम सभा में सदस्यों की मंजूरी मिलने के बाद ही लाभांश का भुगतान किया जाएगा।

AGM की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.rammingmass.com व बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की www.bseindia.com तथा CDSL की www.evotingindia.com वेबसाइट पर उपलब्ध है।

राघव प्रोडक्टिविटी एनहैंसर्स लिमिटेड के लिए
बोर्ड के आदेश से
हस्ताक्षर/-
नेहा राठी
(कंपनी सचिव एवं अनुपालना अधिकारी)
M.No : A38807

दिनांक : 30 जून 2023
स्थान : जयपुर